सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

# प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-175

06/04/2017

# चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान को ऑटोनोमस (Autonomous) और सेल्फ डिपेंडेंट (Self Dependent) होना चाहिये :– मुख्यमंत्री

पटना, 06 अप्रैल 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री आवास स्थित विमर्श सभाकक्ष में चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान के शासी निकाय की बैठक की। बैठक में चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान से जुड़े विभिन्न पहलुओं/बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी।

बैठक में चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान के निदेशक डॉ0 वी0 मुकुंद दास ने बताया कि संस्थान के भवन निर्माण फेज–1 का कार्य समाप्त हो गया है तथा निर्माण का दूसरा फेज प्रक्रियाधीन है। निदेशक द्वारा बताया गया कि संस्थान में अध्ययन कर रहे छात्र–छात्राओं का सौ प्रतिशत प्लेसमेंट होता है। इसमें 52 प्रतिशत छात्र–छात्रायें बिहार में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे काफी छात्र–छात्रा जीविका में कार्य कर रहे हैं। बैठक में संस्थान की वितीय स्थिति की समीक्षा की गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान को ऑटोनोमस और सेल्फ डिपेंडेंट होना चाहिये। बैठक में चन्द्रगुप्त प्रबंध संस्थान में अध्ययन कर रहे छात्र–छात्राओं की संख्या को बढ़ाने पर भी चर्चा की गयी। समीक्षा के क्रम में सी0आई0एम0पी0 के निदेशक ने बताया कि संस्थान को पॉच अन्तर्राष्ट्रीय तथा दो राष्ट्रीय अवार्ड मिला है।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री शिशिर कुमार सिन्हा, प्रधान सचिव शिक्षा श्री आर0के0 महाजन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

*****